जबलपुर . मंगलवार . 13.01.2015

स्पोर्ट्स पत्रिका

वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा, जीते पदक

जबलपुर उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान (टीएफआरआई) में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शुरू हुई खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत साइकल रेस मे मनोज बावरे विजेता बने तथा डॉ.पीके खत्री ने दूसरा स्थान हासिल किया। गोला फेंक मे डॉ. संजय सिंह विजेता और डॉ. नसीर मो. उपविजेता बने। 800 मीटर पैदल चाल के सीनियर वेटरन्स वर्ग मे डॉ सुमित चक्रवर्ती विजेता व डॉ. पीके खत्री उपविजेता, ओपन वर्ग मे डॉ. हरिओम सक्सेना विजेता, डॉ. संजय सिंह उपविजेता, डॉ. आरबी माझी विजेता व डॉ. अविनाश जैन उपविजेता बने।

महिला वर्ग मे रेनू पटले ने पहले और बैजयन्ती अहिरवार दूसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग मे अनीता बघेल विजेता व रश्मिता पशुपति उपविजेता बनी। बैडमिंटन के महिला वर्ग मे भी बैजयंती अहिरवार ने बाजी मारी जबकि इमरती सिंह को दूसरे स्थान पर सब्र करना पड़ा। बैडमिंटन के बालिका वर्ग मे अंकिता बघेल ने पहला और अनीता बघेल ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार दिए जाएंगे।